**विधान परिषद् तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-15 का उत्तर-**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 15(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश सचिवालय बापू भवन डिस्पेंसरी में लेवल-4 के चिकित्सकों के पद स्वीकृत है? | जी हां। उक्त डिस्पेन्सरी में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (लेवल-4) का 01 पद स्वीकृत है। |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त लेवल के चिकित्सक वर्तमान में कार्यरत है? | जी नहीं। |
| (ग) यदि नहीं, तो कब से उक्त लेवल के चिकित्सकों के पद पर उक्त डिस्पेंसरी में नियुक्ति नहीं की गयी है और कब तक उक्त लेवल के चिकित्सकों के पद धारक चिकित्सक की तैनाती करायेंगे जिससे उत्तर प्रदेश सचिवालय के कार्मिकों को अनुभवी चिकित्सकों से चिकित्सीय लाभ प्राप्त हो सकें? | सचिवालय डिस्पेन्सरी, बापू भवन में माह फरवरी 2023 से लेवल-4 के पद पर तैनाती नहीं है। उक्त डिस्पेन्सरी में लेवल-4 के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद के दायित्वों तथा कार्यों का सम्पादन सुचारू रूप से अनुभवी चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सचिवालय के कार्मिकों को डिस्पेन्सरी में तैनात अनुभवी चिकित्सकों द्वारा चिकित्सीय लाभ प्रदान किया जा रहा है। |
| (घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री।